दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 159 | छतरपुर, शनिवार 04 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## हार-जीत खेल का हिस्सा, खेलों में सहभागिता आवश्यक- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पश्चिम क्षेत्र इंटर विश्वविद्यालय (महिला) शतरंज टूर्नामेंट का किया शुभारंभ







परिहार गर्जना न्यूज भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य का स्तर ऊंचा उठाकर ही देश को तरक्की के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है। खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, खेलों में सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास और कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी (महिला) शतरंज टूर्नामेंट (2024-2025) का सैम यूनिवर्सिटी परिसर भोपाल में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। टूर्नामेंट में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित 60 विश्वविद्यालयों की 255 महिला खिलाड़ी सहभागिता करेंगी। सैम समूह के अध्यक्ष डॉ. हरप्रीत सिंह सलूजा, कुलपति डॉ. एन. के. तिवारी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. तिवारी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी।

## निवास मेले का क्षेत्रीय विधायक ने किया फीता काटकर शुभारंभ




नौगांव। हर वर्ष मकर संक्रांति से 15 दिन पहले नगर में लगने वाले निवास मेले के 69वें आयोजन का गुरुवार की शाम क्षेत्रीय विधायक द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीतू सिंह, आलोक जायसवाल, पार्षद श्रीराम यादव, श्याम सुंदर अरजरिया, मुरारी जाटव, जीतेंद्र यादव, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, थाना प्रभारी सतीश सिंह और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आगामी 5 से 13 जनवरी तक मेले में प्रतिदिन रात 8 बजे से कवि सम्मेलन, आर्केस्ट्रा, नौटंकी, जवाबी कीर्तन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मेले में अस्थाई पुलिस चौकी भी बनाई गई है। इतिहासकार दिनेश सेन ने बताया कि पहले जब निवास मेला लगता था, जब मेले में अनेक प्रकार की प्रदर्शनी लगाई जाती थी। ब्रह्माकुमारीज के अलावा शासन की योजनाओं की जानकारी इन प्रदर्शनियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जाती थी, लेकिन समय के साथ मेले का रूप भी बदल गया, जब यह मेला ख्वाजा मिठाई, झूले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पहचाना जाने लगा है। इसके अलावा मेला महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, बास्केट बॉल और क्रिकेट आदि खेलों का भी आयोजन किया जाने लगा है।

## दो बाइकें आमने-सामने टकराई, तीन युवकों की मौत, दो गंभीर

बड़ामलहरा। गुरुवार की शाम थाना क्षेत्र में सागर-कानपुर हाईवे पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल युवकों को बड़ामलहरा में प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम धनगुवां का रहने वाला 27 वर्षीय पवन पुत्र कमला अहिरवार अपने साथी 26 वर्षीय ऊदल पुत्र खड़ियां अहिरवार और 16 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र मोहन अहिरवार के साथ बाइक से बड़ामलहरा आया था। काम खत्म करने के बाद तीनों अपने गांव धनगुवां जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर दमोह निवासी 27 वर्षीय जीतेन्द्र मुंडा अपने 38 वर्षीय दोस्त राहुल राय के साथ बड़ामलहरा की ओर आ रहा था। सड़वा पावर हाउस के पास दोनों बाइक तेज रफ्तार के चलते अपास में टकरा गईं और पवन, ऊदल तथा राहुल राय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं राजेन्द्र और जीतेन्द्र गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया गया। बड़ामलहरा अस्पताल में डॉ रवि पालीवाल ने दोनों को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एसपी की उम्मीदों पर खरे उतरे जसवंत सिंह

### मोतीनगर थाने के लिए ऐसे ही दिलेर पुलिस अफसर की दरकार

**विजय निरंकारी**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। यह है सागर जिले के मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत! शायद इनकी डिक्शनरी में असंभव शब्द नहीं है! पुलिस अधीक्षक की उम्मीद पर सोलह आने खरे उतरने वाले टीआई जसवंत सिंह राजपूत ने महज 6-7 महीने के अपने मोतीनगर थाने में पोस्टिंग के बाद आज तक कई अनसुलझे अपराधों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



चर्चित कनेरा देव हत्याकांड हो या करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को विदेश भागने से पहले दबोचने या आईपीएल के करोड़ों के सट्टे की बात होद्य कई हाई प्रोफाइल मामलों में इन दिलेर पुलिस अफसर ने अपनी हुनर साबित साबित की है द्य इन थाना प्रभारी की खासियत यह है कि यह 24 घंटे में से 16 से 18 घंटे अपने कर्तव्य के प्रति देते हैं।

शायद इससे पहले मोतीनगर थाना प्रभारी के कार्यकाल पर नजर बढ़ाई जाए तो कुछ मामलों में अल्प समय तक रहे अशोक सिंह भदोरिया; आलोक सिंह परिहार; नवल आर्य और सतीश सिंह का नाम भी शहर की जनता उनके कामों से जानती हैद्य लेकिन इससे परे जसवंत सिंह राजपूत ने तो कमाल ही कर दिया द्य कई मामलों में 24 घंटे भी नहीं बीते की अपराधी मोतीनगर की सलाखों में और कुछ चुनौती भरे अपराधों को दिन-रात एक कर हल करने में अपना नाम टॉप 10 सूची में दर्ज कराया है।

थाना प्रभारी जसवंत सिंह के कुशल कारनामों के कारण इस क्षेत्र की जनता में काफी सुकून हैद्य पिछले सालों के आंकड़े उठाकर देख जाएं तो अपराधों का ग्राफ बहुत कम है और अपराधियों में दहशत हैद्य कटर बाज अवैध शराब बेचने वाले वाहन चोर ऐसे सैकड़ो अपराधी है जिन्हें समाज में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए इन्होंने उनके ही स्थान पर पहुंचा है जहां उनकी जगह है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि जनसंख्या और भौगोलिक दृष्टि से शहर के सबसे बड़े थानों में मोतीनगर शुमार है और इस थाने को ऐसे ही दिलेर पुलिस अफसर की दरकार है द्य क्षेत्र की जनता भी पुलिस के आला अफसर और जनप्रतिनिधियों से मांग है कि टीआई जसवंत सिंह ठाकुर को इस क्षेत्र की शांति व्यवस्था के लिए यही पदस्थ रहना जरूरी है और जनता का आग्रह भी है।

# बुंदेलखंड जनकल्याण समिति के सदस्यों ने आवारा गायों को पहनाए रेडियम बेल्ट

**सोहराव मंसूरी**

परिहार गर्जना न्यूज। नौगांव । बुंदेलखंड जनकल्याण समिति के सदस्यों द्वारा एक और सरहनीय कार्य किया जा रहा है। शहर की सड़कों से लेकर हाइवे और फोरलेन पर घूम रहे आवारा मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट पहनाए जा रहा है ताकि सड़क दुर्घनाओं पर



अंकुश लग सके । हाइवे से फोरलेन की सड़कों पर डेरा जमाए बैठे आवारा मवेशियों से आवागमन प्रभावित हो रहा है। खासकर रात के समय सड़क पर घूमते ये पशु हादसों का कारण बन रहे हैं। जिसकों लेकर बुंदेलखंड दाल मिल के डायरेक्टर एवम् बुंदेलखंड जनकल्याण समिति के अध्यक्ष राहुल साहू द्वारा अनूठी पहल की शुरूआत की है। समिति के सदस्यों के साथ आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए जा रहा है। यह रेडियम बेल्ट घने कोहरे एवम् रात के समय वाहन चालकों के लिए एक चेतावनी के रूप में काम करते है। जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते है ओर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में काफी सहायक होते। श्री साहू का कहना है कि इस तरह के छोटे प्रयास बड़े बदलाव ला सकते हैं । जो पशुओं व मानव दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित का एक अच्छा कदम है। बुंदेलखंड जनकल्याण समिति द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की शहर में सराहना हो रही है । इस कार्य में ऋषभ साहू , शरद गुप्ता , पीयूष नैक,शंकर,संस्कार,विशाल साहू अतुल सेन,कलश सोनी,दिव्यांश,सुधांशु, निक्की रैकवार, वेदांत अग्रवाल ,संस्कार असाटी,ब्रजेश सेन द्वारा पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाने में मदद की जा रही है । ज्ञात हो कि श्री साहू द्वारा बीते कई सालों से आवरा मवेशियों के लिए चारा पानी से लेकर घायल पशुओं के उपचार के लिए निरंतर सहयोग किया जा रहा है।

# अवैध रूप से ले जा रहे रेत से भरे 2 ट्रक को तहसीलदार ने पकड़ा

## विवाद की स्थिति में मौके पर पहुंची थी पुलिस

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा// जिला छतरपुर व टीकमगढ़ जिले के मध्य में बने बांध सुजारा से रेत माफिया लगातार अवैध रूप से रेत निकालकर परिवहन करते आ हैं बीते रात्री करीब 12 बजे तभी अबैध रूप से ले जा रहे रेत से भरे दो ट्रक को नायव तहसीलदार शिवपुरोहित गौतम के द्वारा रोककर रेत संबंधी दस्तावेज मांगे लेकिन ट्रक



चालक कोई दस्तावेज नहीं दिखा पायें साथ ही नेता नगरियों को फोन लगाने लगे जिससे कई नेताओं के तहसीलदार के पास फोन आना शुरू हो गया जिससे कार्यवाही करना मुश्किल हो गया जानकारी के मुताबिक तो यह भी बताया जा रहा था कि तहसीलदार महोदय द्वारा ट्रक पर कार्यवाही न करने का मन बना गया लेकिन लम्बे समय तक ट्रक खड़े रहने के कारण खबर फैल गई और तहसीलदार महोदय के पास मीडिया के फोन आना शुरू कर दिया लेकिन तहसीलदार महोदय द्वारा मीडिया को जानकारी देने की बजह फोन ही बंद कर लिया लेकिन दोनों ट्रको के मालिको का न्याय तहसीलदार से समांजस न बैठने के कारण तहसीलदार को कार्यवाही करनी पड़ी।

***आखिर क्यों बुलानी पड़ी तहसीलदार को पुलिस***

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि भंगवा नगर के पेट्रोल पंप के पास नयाव तहसीलदार द्वारा ट्रको को पकड़ा गया लेकिन एक ट्रक को छोड़ने के लिए तहसीलदार तैयार हो गये तो बही दूसरे पर कार्यवाही पर अड गये तभी दूसरे ट्रक मालिक से बात विवाद की स्थिति बन गई जिसपर नयाव तहसीलदार को भंगवा थाना से पुलिस को बुलाना पड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया और दोनों ट्रको को थाना परिसर में खडा करके अवैध खनिज रेत खनन के सहित पंचनामा कार्यवाही की।

***शाम होते ही निकल जाते हैं नयाव तहसीलदार सोरखी खदान, दो वर्ष में नाममात्र की कार्यवाही***

आपको बता दें कि न्याय तहसीलदार शिवपुरोहित गौतम को करीब दो वर्ष घुवारा तहसील में हो गये है भंगवा मंडल उनका कार्य क्षेत्र होने के कारण सोरखी रेत खदान का शाम होते चैक करने निकल जाते जहां से रातों रात जमकर रेत का परिवहन किया जाता है लेकिन नयाव तहसीलदार द्वारा दो वर्षों में नाममात्र की कार्यवाही करने को देखी बही नाम न छापते हुए बताया तो यह भी गया कि न्याय तहसीलदार की इंटी पर करीब 20 बाहन रेत का परिवहन करते हैं साथ ही अगर जो एंटी नहीं देता उसको मौके पर पकड़ कर निपटा देते हैं।

# खजुराहो में 18 माह बाद फिर शुरू हुआ साउंड एंड लाइट शो






**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो का बहुप्रतीक्षित साउंड एंड लाइट शो 18 महीने बाद 2 जनवरी से पुन: शुरू हो गया है। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित इस शो में थ्री-डी प्रोजेक्शन मैपिंग और एलईडी लाइट का इस्तेमाल किया गया है, जो खजुराहो के मंदिरों को एक नई रोशनी में निखारता है। पहले 50 मिनट तक चलने वाला यह शो अब 35 मिनट का कर दिया गया है। अंग्रेजी भाषा में शो शाम 6ः30 से 7ः05 तक चलेगा, जबकि हिंदी संस्करण रात 7ः25 से 8ः00 बजे तक आयोजित होगा।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित इस शो की टिकट दरों में भी संशोधन किया गया है। अब भारतीय पर्यटकों के लिए टिकट 250 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये कर दिया गया है। वहीं, 5 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए टिकट 150 रुपये निर्धारित की गई है। विदेशी पर्यटको के लिए टिकट दर 750 रुपये से बढ़कर 800 रुपये हो गई है, जबकि उनके बच्चों के लिए टिकट 400 रुपये तय की गई है। 20 अगस्त 2023 को शो बंद कर दिया गया था ताकि इसे नए सिरे से तैयार किया जा सके। बीते तीन महीनों से विशेषज्ञों द्वारा शो की टेस्टिंग की जा रही थी। इस नए संस्करण में मंदिरों की खूबसूरती को और निखारने के लिए थ्री-डी प्रोजेक्शन मैपिंग और एलईडी लाइटिंग तकनीक का समावेश किया गया है। खजुराहो आने वाले पर्यटक इस शो का बेसब्री से इंतजार करते हैं। जब अंधेरे में मंदिरों पर रंग- बिरंगी लाइटें पड़ती है और अमिताभ बच्चन की आवाज मंदिरों का इतिहास सुनाती है, तो मंदिरों का आकर्षण और भी बढ़ जाता है।

यूनस्को द्वारा विश्व धरोहर के रूप में मान्यता प्राप्त खजुराहो के चंदेलकालीन मंदिरों को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए भारतीय पुरातत्व विभाग और मध्यप्रदेश पर्यटन निगम ने यह साउंड एंड लाइट शो प्रारंभ किया था। अब नए रूप में यह शो खजुराहो की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

***अमिताभ बच्चन की आवाज शो का आकर्षण***

खजुराहो के मंदिरों का इतिहास दर्शाने वाले इस शो में अमिताभ बच्चन की पुरानी आवाज का ही उपयोग किया गया है। हालांकि, नया वर्जन तैयार करने के दौरान अमिताभ बच्चन से डबिंग के लिए समय नहीं मिल सका, जिसके कारण उनकी पुरानी रिकॉर्डिंग को ही शो में शामिल किया गया है।

# वर्ष 2025 में देश के व्यापारियों तथा उनके परिवार की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए बाबा उमाकान्त जी महाराज ने दिया विशेष संदेश

## व्यापारियों का स्थान माता के समान होता है, जो परिवार को जरूरत की सभी चीजें उपलब्ध कराती है





परिहार गर्जना न्यूज। उज्जैन नव वर्ष के प्रथम दिन, प्रात:काल की बेला पर विश्व विख्यात परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने, नए साल पर गुरु का दर्शन व दया का लाभ लेने के लिए आए हुए, उज्जैन आश्रम पर उपस्थित भक्तों की भारी भीड़ को सतसंग सुनाते हुए देश के समस्त व्यापारी बंधुओं से कहा कि व्यापारियों का स्थान माता के समान होता है और माता का काम होता है कि सबकी परवरिश करे, सबके लिए भोजन बनाये, सबको भोजन पहुँचाये, जरूरत की जो चीजें हैं, उनकी परिवार के सभी सदस्य और बच्चों के लिए व्यवस्था करें। ऐसे ही व्यापारियों आपका स्थान है कि सबको सामान की आपूर्ति कराये, जिसको जिस चीज की ज़रूरत है वो मिले लेकिन मेहनत और ईमानदारी से। तभी आप फलो-फूलोगे। आज आप चाहे धोखा देकर, बेईमानी करके, कम तोलकर धन इकट्ठा कर लो, लेकिन कहा गया है 卐माया छाया एक सी卐 आज है कल नहीं रहेगी। अगर इस तरह का धन आप इकट्ठा करोगे तो कहाँ चला जाएगा? छापामारी में चला जाएगा, बीमारी में चला जाएगा, बच्चों के बिगड़ जाने में चला जाएगा, थाना-पुलिस में चला जाएगा। इसलिए इस चीज का आप लोग ध्यान रखो। क्योकि इस वर्ष छापामारी भी होगी, लोग पकड़ें भी जायेंगे। ये सब घटनायें आपको आगे दिखाई सुनाई पड़ेंगी। इसलिए आपसे हमारी विनती और प्रार्थना है कि आप मेहनत और ईमानदारी से व्यापार करें और ईश्वर तथा अपने प्रारब्ध पर भरोसा करें।

***कभी भी, कहीं से भी, सच्चा-सुखदाई सतसंग कैसे सुनें?***

सन्त उमाकान्त जी का सतसंग प्रतिदिन प्रात: 8ः40 बजे से 9ः15 बजे तक (कुछ समय के लिए) साधना भक्ति टीवी चैनल और अधिकृत यूट्यूब चैनल jaigurudevukm पर प्रसारित होता है।

# अग्निवीर भारतीय वायु सेना में भर्ती पंजीयन 7 जनवरी से

छतरपुर। भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीर वायु भर्ती के ऑनलाईन पंजीयन आवेदन 7 जनवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 27 जनवरी 2025 तक किए जा सकेंगे। इच्छुक आवेदक बेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर अपना ऑनलाईन पंजीयन करा सकते है। अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार आवेदन करने जिनका जन्म 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 (दोनो तारीख सहित) के मध्य हुआ है पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# चाइनीस मांझा एवं दवा दुकानों का किया जा रहा है लगातार निरीक्षण



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में दवा दुकानों एवं मांझा/पतंग डोर बेचने वाली दुकानों का सघन निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा विगत दिवस निर्देश दिए गए थे कि सागर जिले की किसी भी दुकान पर पतंग के लिए चाइनीज मांझा नहीं बिकना चाहिए एवं दवाइयों की दुकानों का सघन निरीक्षण हो और करवाई की जाए। इसी परिपेक्ष्य में रहली विकासखंड में दवाइयों की दुकानों का निरीक्षण ड्रग इंस्पेक्टर प्रशांत सुमन एवं नायब तहसीलदार अनिल अहिरवार के द्वारा किया गया। इसी प्रकार बिलहरा, बंडा ,शाहगढ़, राहतगढ़ में चाइनीज मांझा एवं दवाइयों की दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

कलेक्टर के आदेशानुसार बंडा एसडीएम गगन बिसेन द्वारा, बंडा क्षेत्र में चाइनीज मांझा जब्त करने की कार्यवाही की गई है। तहसील रहली के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण ड्रग इंस्पेक्टर के साथ किया गया। सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को शासन की गाइडलाइन अनुसार नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। राहतगढ़ में एसडीएम श्री अशोक सेन के द्वारा भी अनेक दुकानों का निरीक्षण किया गया।

# मोतीनगर पुलिस ने दुष्कर्म के सह आरोपी को किया गिरफ्तार


परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मोतीनगर थाने मेंदिनाँक 01.01.2025 को फरियादिया रिपोर्ट लेख कराई कि भगत सिह वार्ड सागर में शिवदयाल मुझे इंदर के कमरे में ले गया जहा इंदर ठाकुर किराये से रहता था शिवदयाल किसी काम से कमरे से बाहर चला गया इसके बाद उसी कमरे मे इंदर ठाकुर आ गया और उसके साथ जबरन गलतकाम (बलात्कार) किया और गंदे फोटो खींच लिये की रिपोर्ट पर अपराध धारा 87.64(1),351 (3),332 (बी), 3 (5) बीएनएस 3/4,5/6 पॉक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। शिवदयाल भी पीडिता पर अपने साथ गलत काम करने के लिए दबाब बना रहा था।




दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग-दर्शन में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किये जाकर प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुखविर की सूचना के आरोपी शिवदयाल पिता खुमान रजक उम्र 45 साल नि0 भगतसिंह वार्ड सागर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया जो आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण का मुख्य आरोपी फरार है विवेचना कार्यवाही जारी है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के नाम-01. निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर 02. सत्यभामा मिश्रा 03. प्रमोद बागरी 04.आर 403 राहुल कुमार।

# भारत विज्ञान, कला, दर्शन सहित ज्ञान के सभी क्षेत्रों में सदियों से समृद्ध रहा है- विनय सहस्त्रबुद्धे

परिहार गर्जना न्यूज। सागर. भारत की पहली महिला अध्यापिका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती के अवसर पर डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के समाजविज्ञान शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला के तहत पांचवां ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया. जिसका विषय 卐भारतीय ज्ञान परम्परा की सार्वभौमिक प्रासंगिकता卐 था. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व संसद सदस्य एवं भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने अपने बीज वक्तव्य में देश की राजनैतिक आजादी के पूर्व एवं पश्चात भारतीय ज्ञान परम्परा की स्थिति एवं उसके मुख्य पक्षों पर प्रकाश डाला. डॉ. सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि भारत सदियों से ही ज्ञान, दर्शन, योग, अध्यात्म, चिकित्सा, विज्ञान, गणित, मानविकी एवं समाजविज्ञान, भाषा एवं व्याकरण, शिल्प एवं कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में समृद्ध रहा है. किन्तु आजादी के पूर्व अंग्रेज़ी ताकतों ने उसको सिरे से खारिज/नजरअंदाज करके एक 'मैकाले केन्द्रित शिक्षा प्रणाली' में तब्दील कर दिया. लेकिन वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जैसे महत्वपूर्ण सरकारी नीतिगत प्रयास के जरिये हमारे द्वारा अपनी पुरातन ज्ञान परंपरा को पुनर्स्थापित करने की तरफ बढ़या गया कदम आजादी के अमृत महोत्सव का सही मायने में परिचायक है. क्योंकि यह न केवल अपनी प्राचीन ज्ञान विरासत का गुणगान है बल्कि यह हमें वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने एवं भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार तथा निर्देशित भी करता है. इसलिए पुरातन ज्ञान के आधार पर एवं उसका उपयोग करते हुए नवीन ज्ञान पद्धति को गढ़ा जाना मौजूदा समय की प्राथमिक आवश्यकता है. क्योंकि ऐसा करके ही हम सही अर्थों में अपने 'स्व' की पहचान कर सकेंगे और 'स्व' से जुड़ सकेंगे. इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों विशेषकर युवाओं को सीखने-सिखाने की भारतीय पद्धतियों से अवगत कराने के साथ-साथ उसमें तकनीकी का एकीकरण भी करना होगा7 यह कार्य न केवल शिक्षक के द्वारा किया जाना चाहिए बल्कि इसमें अभिभावकों एवं समुदाय की भी महत्वपूर्ण भूमिका है. कार्यक्रम में समाजविज्ञान शिक्षण अधिगम केन्द्र के समन्वयक एवं इस पूरे कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. संजय शर्मा, मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे. कार्यक्रम की अंतिम बेला में जीवनपर्यंत शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, शोधार्थियों के प्रति औपचारिक आभार ज्ञापित किया. कार्यक्रम में वक्ता परिचय एवं विषय प्रवर्तन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्टाता, प्राच्यविद एवं प्रख्यात दर्शनशास्त्री प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा द्वारा किया गया एवं मंच संचालन टीएलसी वर्किंग कमेटी की सदस्य डॉ. आफरीन खान ने किया.



# भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक सागर में 5 जनवरी को

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश कार्य समिति की द्वितीय बैठक रविवार 05 जनवरी 2025 को सुभाष नगर ,साहू भवन , इंद्रा नेत्र चिकित्सा. के पास , खुरई रोड सागर में आयोजित की गई हैं , प्रथम कार्य समिति की बैठक भोपाल के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में संघठन को कैसे और मज़बूत किया जाए एवं समाज किस प्रकार आगे बढ़ते इस विषय पर गहन चिंतन किया जायेगा

इस बैठक में प्रदेश कार्य समिति के पदाधिकारी गण जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री , प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारीगण तहसील स्तर के पदाधिकारीगण को आमंत्रित किया गया है सभी के विचारों को सुना जाएगा और संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमो को तय किया जाएगा जैसा कि विदित हो कि विगत दिवस 21 एवं 22 दिसम्बर 2024 को रायपुर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उमेश नंद लाल साहू जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय महा अधिवेशन सम्पन्न हुआ था जिसमें 25 प्रान्तों के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी गण पधारे थे इसी प्रकार हर प्रान्त में संगठन को मजबूत किया जा रहा हैं समाज के हर वर्ग को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा से जोड़ा जा रहा है यह कार्य विगत 25 वर्षों से सतत् जारी है संगठन देश के लगभग 16 करोड़ तेली, साहू , राठौर, शाह, बानिका , चौधरी, गुलानी , चेट्टियार ( 72 उप जातियां) आदि का नेतृत्व करता है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में भी सतत् रूप से कार्य किया जा रहा है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर तैयारियां पूर्ण

## 5 जनवरी को जीतू पटवारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे




परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर) मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी 29 दिसंबर को आने वाले थे किंतु पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर कार्यक्रम को स्थगित कर 5 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का आना तय हुआ जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर कांग्रेस कमेटी एवं खिमलासा मंडी बामोरा के द्वारा उनके आगमन को लेकर तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है।

5 जनवरी को बीना की सिंधी धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस जन के साथ मंडल, सेक्टर एवं बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। ऐसा माना जा रहा है की आने वाले उपचुनाव को लेकर यह आगमन जीतू पटवारी का हो रहा है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आनंद अहिरवार पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक सुनील जैन,राम जी दुबे, मुकुल पुरोहित, राजकुमार पचौरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव शहर कांग्रेस कमेटी अनुराग ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शालू बिलगैया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजा राम अहिरवार , नरेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रांत गोलंदाज, लालू अहिरवार, भाव सिंह यादव, मलखान यादव, कमल जैन ढांड, पुष्पेंद्र यादव मंडी बामोरा, संजय अहिरवार, देवेश शाह आदि ने कार्यक्रम स्थल सिंधी धर्मशाला पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया।

# टूट चुके गति अवरोधक की नपा ने कीले हटवाई



परिहार गर्जना न्यूज। गढाकोटा। वाहनों की गति रूकने के लिए 2 साल पहले रुई बाजार चौराहे पर लगाए गए गति अवरोधक क्षतिग्रस्त होकर टूट गए हैं। उनकी जगह सिर्फ लोहे की कीलें नजर आ रही थी। इन पर से वाहन निकालने की दौरान टायर खराब हो रहे थे। और आमजन को निकलने में परेशानी होती थी।जिसकी जानकारी समाज सेवी एवं पत्रकार नीलेश चौरसिया ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी को दी। जिसे श्री तिवारी ने उक्त जानकारी को संज्ञान में लेते हुए तत्काल चौराहे की सड़कों पर निकली कीलों को निकलवाया। और धन्यवाद देते हुए कहा कि काम तो बहुत छोटा था लेकिन यहां चौराहे, मार्ग से निकलने वाले लोगों को ऊपट्टा लगने से दुर्घटना की आशंका बनी रही थी। जिसे स्वयं और सीएमओ सहित पालिका कर्मचारियों के साथ जाकर निकलवाया और अपील करते हुए कहा कि नगर की जनता भी सुझाव दें। ऐसी जानकारी जहां भी मिलेगी और तो हम सभी मिलकर उसका निराकरण करेंगे।

# .... और जब शहर में बकरे पर बैठकर निकला दूल्हा

## बैंडबाजों पर थिरकते नजर आए परिजन और रिश्तेदार

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। घोड़े और बग्गी पर दूल्हा तो सबने देखा होगा, लेकिन दूल्हा अगर बकरे पर हो तो नजारा अजीब ही लगता है। कुछ ऐसा ही नजारा यहां नगर में देखकर लोगों का मजमा जुड़ गया। नगर में शुक्रवार को एक ऐसी बारात निकली, जिसमें दूल्हे को घोड़ी की जगह बकरे पर बैठाकर बारात निकाली गई। इस अनोखी बारात में जमकर डांस हुआ। इसके बाद दूल्हे की शादी भी उसकी भाभी से कराई गई। बताया गया है कि शहर के लोहिया समाज में यह अनोखी परंपरा करीब 400 सालों से चली आ रही है। परिवार के बड़े बेटे के कर्ण छेदन का संस्कार शादी समारोह की तरह बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है। शहर के ताल दरवाजा निवासी प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि उनके बड़े पोते राघव अग्रवाल (12) का कर्ण छेदन संस्कार गुरुवार को हुआ। आज समाज की परंपरा के अनुसार उसकी बकरे पर बारात निकाली गई। जिसमें परिवार के सभी सदस्य और रिश्तेदार शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ निकाली गई बारात में खूब डांस हुआ। पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया। प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि उनके परिवार में कई पीढ़ियों से यह परंपरा चली जा रही है। कर्ण छेदन की सामाजिक परंपरा को शादी समारोह की तरह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चों का कर्ण छेदन 18 साल से कम उम्र में करने की परंपरा है। यह हमारे समाज में 16 संस्कारों में से एक है।



***7 स्थानों से होकर गुजरती है बारात***

प्रकाश अग्रवाल के छोटे भाई कैलाश अग्रवाल ने बताया कि बकरे पर दूल्हे को बैठाकर 7 स्थानों से होकर बारात निकाली जाती है। जिसमें स्वयं का घर, मंदिर का दरवाजा, कुल देवता का दरवाजा और मोहल्ले के घरों को शामिल किया जाता है। बारात में घर परिवार के अलावा रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग शामिल होते हैं। इसके बाद विधि विधान से शादी की रस्में पूरी की जाती है। पीढ़ी दर पीढ़ी निभा रहे परंपरा प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि समाज की परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी निभाते चले जा रहे हैं। इसके पहले उन्होंने अपने बड़े बेटे के कर्ण छेदन संस्कार में इसी तरह बकरे पर बारात निकाल कर परंपरा निभाई थी। उन्होंने बताया कि दादा परदादा के जमाने से यह परंपरा चली आ रही है। लोहिया (अग्रवाल) समाज के ज्यादातर परिवारों ने आज भी परंपरा को जीवित रखा है।

# संदिग्ध अवस्था में 5 दिन से लापता युवक का शव कुंआ में तैरता मिला

## मृतक के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पिछले पांच दिनों से लापता चल रहे 35 वर्षिय मुकेश कुशवाहा का शव संदिग्ध अवस्था में कुंआ में पड़ा हुआ मिला। युवक का शव मिलने के बाद से गांव में मातम पसर गया है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन से जांच की मांग की है। बताया गया है कि जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के ककरवाहा गांव में शुक्रवार को एक युवक का शव कुएं में पड़ा मिला है। मृतक 28 दिसंबर से घर से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। आज उसका शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मृतक के भाई राजेश कुशवाहा ने बताया कि छोटा भाई मुकेश (35) शनिवार से घर से लापता हो गया था। आज उसका शव कुएं में पड़े होने की सूचना मिली। मृतक के भाई ने बताया कि मुकेश के घर नहीं लौटने पर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर दी थी। पिछले 5 दिनों से आसपास के गांव और रिश्तेदारी में उसकी तलाश की जा रही थी। शनिवार से ही उसका मोबाइल फोन बंद जा रहा था। आज सुबह कुएं में उसका शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी इसके बाद शव कुएं से बाहर निकाल कर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



***घटना की जांच के लिए निर्देश***

इस मामले में बड़ागांव थाना प्रभारी एमपी गौंड ने बताया कि मृतक 28 दिसंबर से घर से लापता था। परिजनों की शिकायत पर उसकी तलाश की जा रही थी। आज उसका शव मिलने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल मर्ग कायम कर घटना की जांच के निर्देश दिए गए हैं। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

# अपराध करने की नीयत से घूमते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। थाना मोहनगढ़ पुलिस द्वारा अपराध की नियत से अवैध हथियार लिए घूम रहे युवक को पकड़कर की वैधानिक कार्यवाही। थाना देहात अंतर्गत नव वर्ष उत्सव में लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायर कर दहशत फैलाने बाले आरोपी की पिस्टल लाइसेंस जप्त कर की जा रही लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एएसडीओपी टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 02 जनवरी 2025 को थाना प्रभारी मोहनगढ़ द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम बृषभानपुरा में आरोपी पिंटू राजा ठाकुर निवासी स्यावनी नकवाना जाखलोंन जिला ललितपुर उप्र के कब्जे से अवैध एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद कर जब्त किया, जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना मोहनगढ़ में अपराध क्रमांक 03/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई। थाना देहात अंतर्गत नव वर्ष 2025 उत्सव में सिल्वरस्टेट होटल के प्रांगण में लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायर कर दहशत फैलाने बाले आरोपी अरविंद खेवरिया निवासी जेल के पीछे टीकमगढ़ पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 04/2025 धारा 125 बीएनएस, 30 (आयुध अधिनियम 1959) में दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी की लाइसेंसी पिस्टल व लाइसेंस जप्त कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। थाना मोहनगढ़ की अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहनगढ़ उप निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह घोष, प्रधान आरक्षक मूलचंद्र सहित थाना मोहनगढ़ स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिला अस्पताल में कोटपा अधिनियम अंतर्गत कर्मचारियों पर की गई जुर्माना की कार्यवाही

टीकमगढ़ / कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन के निर्देशन तथा सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में नववर्ष के प्रारंभ में जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत अमल में लाने हेतु गुटखा खाने वाले स्टाफ एवं कर्मचारियों पर जुर्माना की कार्यवाही कर शुरुआत की गई, जिसमें फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय सफाई सुपरवाइजर आदि की रसीद काटी गई। इसके साथ ही गुटखा एवं नशीले पदार्थों को अस्पताल में खाने और लाने वाले 12 लोगों पर जुर्माना की कार्यवाही की गई।

जिला नोडल अधिकारी कोटपा कानून डॉ डीएस भदौरिया, सहायक प्रबन्धक डॉ सिद्धार्थ रावत, डॉ अंकुर साहू, जिला अस्पताल की इंटरनल कमिटी डॉ विनय सोनी ने बताया कि जो लोग सेवन करते या गुटका एवं नशीले पदार्थ लाए हुये पाये गये उन लोगों की राशिद काटी गई तथा इसके सेवन से होने वाले दुष्परिणामों को लेकर आम जनता को जागरूक किया गया। इस दौरान अस्पताल में आये सभी मरीजों के साथ आने वाले व्यक्तियों एवं वार्ड में लोगों की गुटका तम्बाकू बीड़ी एवं अन्य नशीली पदार्थों की चेकिंग की गई एवं कोटपा रशीद काटकर 1240 रुपए की राशि जमा की गई। इस दौरान गार्ड सुपरवाइजर सद्दाम खान, दुर्गेश, विक्रम, निर्वेश एवं अन्य गार्ड उपस्थित रहे।

# जन-कल्याण अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों में शिविर आयोजित

## पात्र हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन में टीकमगढ़ जिले में भी मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज टीकमगढ़ विकासखंड के ग्राम करमारई, हैदरपुर, सुन्दरपुर एवं श्रीनगर, बल्देवगढ़ विकासखंड के ग्राम खजरार, चंदेरीखास एवं कैलपुरा, जतारा विकासखंड के ग्राम पंचमपुरा, दरगांयकला, मोहनगढ़, वर्माडांग, लुहरगुंवा, बम्हौरीखास, बरानाखास, चंदेरा, गोटेट, फ तेह का खिरक, बैरवार, मचौरा, कुवंरपुरा, मड़खेरा, चन्द्रपुरा, हृदयनगर एवं मरगुंवा तथा पलेरा विकासखंड के ग्राम उपरारा, मडोरी, कंजना एवं बैंडरी में शिविरों का आयोजन किया गया। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका टीकमगढ़ के बार्ड नं. 9, नगर परिषद कारी बार्ड नं. 8 तथा नगर परिषद बड़ागांव, बल्देवगढ़, खरगापुर, लिधौरा, जतारा में वार्ड नं. 9 एवं नगर परिषद पलेरा के वार्ड नं. 10 में षिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविरों के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं के समस्त पात्र हितग्राहियों को शिविर लगाकर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही शिविरों में आयुष्मान योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये। उल्लेखनीय है कि जन-कल्याण अभियान के तहत 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# जल्द ही भानगढ़ में उपतहसील भवन का निर्माण होगा और भानगढ़ पंचायत के ग्रामवासियों को अपने कार्यो हेतु बीना नहीं आना पड़ेगाविधायक-सप्रे

## -भानगढ़ उपतहसील भवन के लिए शासन ने 1 करोड़ 29 लाख रूपए किए स्वीकृत

## -भूमि उपलब्ध कराने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र

## -जल्द ही भानगढ़ उपतहसील में बैठेंगे नायब तहसीलदार - विधायक

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज।बीना/ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भानगढ़ के निवासी एक बड़ी पंचायत होने के नाते वर्षो से उपतहसील बनाए जाने की मांग करते रहे हैं। इसके लिए भानगढ़ में क्रमिक भूख हड़ताल एवं अनशन जैसे विभिन्न आंदोलन भी लंबे समय तक चलते रहे। इस दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने भी भानगढ़ निवासियों की मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सभा में अपने मांग पत्र में भानगढ़ को उपतहसील (टप्पा तहसील) का दर्जा देने की मांग प्रमुखता के साथ रखी थी। विधायक द्वारा की गई मांग के बाद मुख्यमंत्री भानगढ़ को उपतहसील का दर्जा देने और शीघ्र ही उपतहसील के लिए कार्यालय भवन देने की घोषणा कर गए थे। विधायक के यह प्रयास अब सार्थक दिशा में दिखाई देने लगे हैं। लोकनिर्माण विभाग सागर संभाग के कार्यपालन यंत्री ने बीना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एक पत्र लिखकर भानगढ़ उपतहसील कार्यालय भवन हेतु भूमि उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि मप्र शासन के राजस्व विभाग के पत्र दिनांक 30 दिसंबर 2024



का उल्लेख करते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने भानगढ़ में नवीन निर्माण हेतु 1 करोड़ 29 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करते हुए राजस्व विभाग के द्वारा अनुमोदित कॉन्सेप्ट प्लान के अनुसार भवन निर्माण हेतु 2500 वर्गमीटर (0.617 एकड़) भूमि की आवश्यकता देखते हुए अवरोध मुक्त और समतल भूमि उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट किया है कि भवन निर्माण की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जा सके इसके लिए जल्द ही भूमि उपलब्ध कराई जाए। इस संदर्भ में विधायक निर्मला सप्रे का कहना है कि मुख्यमंत्री के समक्ष भानगढ़ की वर्षो पुरानी मांग जो उपतहसील के लिए चल रही थी जिसके लिए मेरे द्वारा विभागीय स्तर पर पत्र व्यवहार किया गया इसके साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन एवं मांग पत्र भी दिए गए। जिसके एवज में मुख्यमंत्री ने बीना विधानसभा क्षेत्र के भानगढ़ में 1 करोड़ 29 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति शासन द्वारा दिलाई गई। विधायक ने कहा कि जल्द ही भानगढ़ में उपतहसील भवन का निर्माण होगा और भानगढ़ पंचायत के ग्रामवासियों को अपने कार्यों हेतु बीना नहीं आना पड़ेगा बल्कि भानगढ़ में ही नायब तहसीलदार बैठेंगे जिससे ग्रामीणों की कई परेशानियों का समाधान, समय व पैसे की बचत होगी।

# भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 193 वी जयंती बड़े हर्ष उल्लास से मनाई

परिहार गर्जना न्यूज।बीना- शुक्रवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 193 वी जयंती अहिरवार समाज संघ भारत शाखा बीना के तत्वाधान में माडल स्कूल ग्राम-हिरन छिपा के पास सामुदायिक भवन में समय 12:00 बजे से प्रांतीय अध्यक्ष एम एल वर्मा पूर्व डीएसपी की अध्यक्षता में जयंती बड़े हर्ष उल्लास से मनाई गई, जिसमें SC, ST, OBC के पदाधिकारियों व समाजिक कार्यकर्ताओ एवं महिला शक्ति ने माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र के समक्ष मोमबत्ती जलाकर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि एवं सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने उद्बोधन में माता सावित्रीबाई फुले का जन्म 03 जनवरी 1831को



सतारा जिले के नायगांव हुआ था,इनका विवाह समाजसेवी क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ सन् 1840 में हुआ दोनों दंपति ने 1848में बालिकाओं के लिए स्कूल खोला तथा उनका मुख्य उद्देश्य ऐसे समाज कि स्थापना करना था जो अज्ञानता, कट्टरता, अशिक्षा अभाव, और भूख से मुक्त, महिलाओं व वंचित वर्ग का उत्थान करना एवं बाल विवाह रोकना,सति प्रथा रोकना, आदि सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए/कार्यक्रमम का आभार वीरेंद्र राजोरिया ने किया। कार्यक्रम में संभागीय सचिव आर पी रोहित, शिवकेस संचालन, महेन्द्र नवैया, आर के राज,एडवोकेट रतिराम पटैल, एडवोकेट सूरज सिंह, जिला पंचायत सदस्य खुशी लाल अहिरवार,सुखलाल बाबू, हेमराज, सीताराम अहिरवार,परमानंद अहिरवार,उदयाजीत, राजेन्द्र सिंह, रोशनलाल अहिरवार, कृष्णकांत कुशवाहा,गोविंद कुशवाहा, गुड्डा आदिवासी,एड.सुरेन्द चोधरी,एड.विनोद कुमार शिल्पी,एड.शयाम लाल पटेल, एड.जगत सिंह यादव महिला शक्ति में उमादेवी नवैया, संध्या अहिरवार, शारदा अहिरवार, विमला अहिरवार, संगीता अहिरवार,बबली, किरन, कुंजा, गयाबाई, सविता बाई, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिए संयुक्त संचालक ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार एवं उल्लेखनीय वृद्धि के लिए आज लोक शिक्षण सागर संभाग संयुक्त संचालक मनीष वर्मा की उपस्थिति में ग्राम असाटी में संचालित सी एम राईज विद्यालय में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधिकारी आर डी वर्मा के द्वारा संयुक्त संचालक मनीष वर्मा का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया तथा स्वागत उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी आर डी वर्मा के द्वारा विगत वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणाम को प्रस्तुत किया गया तथा संयुक्त संचालक मनीष वर्मा को आश्वासन दिया गया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में निवाड़ी जिला उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए संयुक्त संचालक मनीष वर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी प्राचार्य अपने अपने विद्यालय की कार्य योजना तैयार करें और उसके अनुसार कार्य करें इसके साथ-साथ संयुक्त संचालक द्वारा बताया गया कि बोर्ड परीक्षा के विगत 5 वर्षों के परीक्षा पेपर को कक्षाओं में हल कराया जाए तथा छात्रों की कॉपियों को गंभीरता पूर्वक चेक किया जाए और उनकी गलतियों को सुधारा जाए इसके साथ-साथ संयुक्त संचालक द्वारा निर्देशित किया गया कि छात्रा पूरे समय विद्यालय में उपस्थित रहे तथा कक्षाओं का संचालन नियमित एवं सुचारु रूप से किया जाए। डी एवं ई ग्रेड के छात्रों के लिए रेमेडियल कक्षाओं का संचालन किया जाए जिसका लाभ छात्रों को मिल सके। समीक्षा बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय भारतीय शिक्षा संस्थान के सचिव संजय पाठक ने भी अपने उद्बोधन में शिक्षक को अपने कर्म के प्रति पूर्ण निष्ठावान होने की बात कही। इस अवसर पर हरीशंकर वर्मा एन सी तिवारी आकाश खरे आशीष खरे भगवत सिंह संकल्प साहू सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य व्ही के पुरोहित द्वारा किया गया।

# क्षमता से अधिक लोड होने पर जला ट्रांसफार्मर, ग्राम वासियों ने की बदलने की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। ढिल्ला। विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी एवं जनपद पंचायत क्षेत्र पृथ्वीपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम ढिल्ला में बिजली विभाग के कर्मचारीयो की उदासीनता के चलते ग्राम में लगे ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने पर ट्रांसफार्मर जल चुका है जिसके कारण ग्राम वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम ढिल्ला में एक ट्रांसफार्मर लगा है जिससे संपूर्ण ग्राम को बिजली की आपूर्ति की जाती है तथा ग्राम में चल रही दो आटा चक्की के लिए भी इसी ट्रांसफार्मर से बिजली की आपूर्ति होती है जबकि ग्राम में बिजली कर्मचारियों की मिली भगत से कई मोटर पंप अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं जिसके चलते ग्राम में लगे ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने पर ट्रांसफार्मर चल गया है। ग्राम वासियों ने बताया कि हम लोगों ने कई बार अवैध रूप से चल रहे मोटर पंप को रोकने की शिकायत बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से की है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई और अत्यधिक लोड होने से ट्रांसफार्मर जल चुका है जिसके चलते ग्राम वासियों को भारी परेशानी हो रही है इसके साथ-साथ अगले माह से बच्चों की परीक्षाएं भी संचालित होना है और ग्राम में बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं होने से छात्रों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने मांग की है कि अवैध रूप से चल रहे मोटर पंप को बंद किया जाए तथा ग्राम के जले हुए ट्रांसफार्मर को शीघ्र ही बदला जाए।

# 13 जनवरी से प्रारंभ होगा हिंदू सनातन का महापर्व महाकुंभ मेला

## निवाड़ी को मिली चार महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है और यह महाकुंभ हिंदू सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व माना जा रहा है जिसमें लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान बताया गया है तथा महाकुंभ मेले में पहुंचने के लिए संपूर्ण देश से हजारों की संख्या में स्पेशल ट्रेन भी चलाई जा रही है। महाकुंभ मेले को देखते हुए झांसी से प्रयागराज के लिए चार महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई गई है जिनका लाभ निवाड़ी जिले वासियों को मिलेगा। निवाड़ी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज जाने के लिए सामान्य रूप से तुलसी एक्सप्रेस बुंदेलखंड एक्सप्रेस तथा चंबल एक्सप्रेस के साथ एक पैसेंजर ट्रेन की सुविधा सामान्य दिनों में रहती है लेकिन महाकुंभ के चलते चार अतिरिक्त महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों की सुविधा भी निवाड़ी जिले को दी गई है। गौरतलब है कि महाकुंभ मेले को हिंदू सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व माना जा रहा है और यह पर्व जब 12 कुंभ पूर्ण होते हैं तब महाकुंभ का आयोजन किया जाता है और ऐसा बताया जा रहा है कि प्रयागराज में प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित हो रहे कुंभ के 12 आयोजन पूर्ण हो चुके हैं और उसके उपरांत अब महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें साधु संतों का आना प्रारंभ हो चुका है तथा 13 जनवरी से प्रथम शाही स्नान के साथ मेले का शुभारंभ होगा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर शाही स्नान के साथ महाकुंभ मेले का समापन होगा।

***निवाड़ी को मिलेगी महाकुंभ स्पेशल ट्रेन की सुविधा***

दिनांक 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को पहुंचने के लिए झांसी से चार महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है और इन ट्रेनों की सुविधा निवाड़ी जिले के ओरछा निवाड़ी और टेहरका स्टेशन को मिलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज जाने के लिए सामान्य रूप से तुलसी एक्सप्रेस निवाड़ी से प्रयागराज के लिए जाती है जो सोमवार और बुधवार को रात्रि में 12:40 पर निवाड़ी से गुजरती है तथा सुबह 7:55 पर प्रयागराज पहुंचती है इसी तरह झांसी से प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन का भी संचालन सामान्य रूप से होता है जो प्रात: 7:40 पर झांसी से चलकर 8:17 पर निवाड़ी पहुंचती है तथा टेहरका होते हुए शाम 6:30 बजे प्रयागराज पहुंचती है इसी तरह चंबल एक्सप्रेस ट्रेन की भी सुविधा निवाड़ी को मिली है और यह ट्रेन सोमवार और मंगलवार को सुबह 9:49 पर निवाड़ी पहुंचती है इसके साथ-साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन की भी सुविधा निवाड़ी को मिलती है और यह ट्रेन प्रतिदिन रात्रि में 11:11 पर निवाड़ी पहुंचती है तथा दूसरे दिन सुबह 6:55 पर प्रयागराज पहुंचती है।

***13 जनवरी से मिलेगी कुंभ स्पेशल ट्रेन की सुविधा***

सामान्य ट्रेनों के साथ-साथ चार महाकुंभ स्पेशल ट्रेन की भी सुविधा निवाड़ी को मिली है जिनका संचालन 13 फरवरी से 26 फरवरी के मध्य झांसी से प्रयागराज के लिए किया जाएगा जिसमें ट्रेन नंबर 01809 झांसी प्रयागराज मेला स्पेशल सुबह 4: 37 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा दोपहर 2:45 पर प्रयागराज पहुंचेगी और यह ट्रेन सप्ताह में पांच दिवस सोमवार मंगलवार बुधवार गुरुवार और रविवार को संचालित होगी इसी तरह ट्रेन नंबर 01811 कुंभ स्पेशल झांसी से प्रयागराज के लिए चलेगी और यह ट्रेन सुबह 10:47 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा रात्रि में 10:50 पर प्रयागराज पहुंचेगी इस ट्रेन का संचालन प्रतिदिन किया जाएगा इसके साथ-साथ एक और कुंभ स्पेशल ट्रेन का संचालन होगा और यह ट्रेन 01804 झांसी से चलकर रात्रि 8:45 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा दूसरे दिन सुबह 7:40 पर प्रयागराज पहुंचेगी इस ट्रेन का संचालन भी प्रतिदिन होगा इसके साथ-साथ ट्रेन नंबर 01805 झांसी से प्रयागराज के लिए आवश्यकता होने पर संचालित की जाएगी और यह ट्रेन सुबह 9:49 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा शाम 4:55 पर प्रयागराज पहुंचेगी इस ट्रेन का संचालन सप्ताह में एक दिन बुधवार को किया जाएगा।

***महाकुंभ के शाही स्नान***

13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हो रहे महाकुंभ में छः शाही स्नान होंगे जिसमें 13 जनवरी को पहला शाही स्नान होगा तथा 14 जनवरी मकर संक्रांति पर दूसरा शाही स्नान होगा इसी तरह 29 जनवरी मौनी अमावस्या को तीसरा शाही स्नान एवं 3 फरवरी बसंत पंचमी को चतुर्थ शाही स्नान 12 फरवरी माघ पूर्णिमा को पांचवा शाही स्नान और 26 फरवरी महाशिवरात्रि को छटवा शाही स्नान होगा।

# संगठन विस्तार - पूर्व मंत्री ने की जबेरा विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रायसुमारी

## जबेरा ब्लाक अध्यक्ष के लिए ओम प्रकाश शर्मा एवं नगर अध्यक्ष के लिए अखिलेश सोनी के नाम पर बनी आम सहमति






**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। जबेरा विधानसभा के तेंदूखेड़ा तेजगढ़ जबेरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं की बैठक जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव, सह प्रभारी, सुरेन्द्र रघुवंशी, सुनील आदिवासी एवं जिला अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कार्यकर्ताओं से वन टू चर्चा कर सगठन मजबूत करने के लिए चर्चा हुई और बीजेपी सरकार के गलत कार्यों को जन जन तक कैसे पहुंचाए जाएं इस पर रणनीति बनाई गई जिसमें नवीन ब्लाक अध्यक्ष पदाधिकारी के बनाने हेतु भी कार्यकर्ताओ से नाम मांगे गए। जिसमें तेंदूखेड़ा तेजगढ़ से तो नामों की बड़ी पेनल सामने आई लेकिन जबेरा ब्लॉक से अध्यक्ष के लिए सभी कार्यकर्ताओं की ओम प्रकाश शर्मा एवं नगरअध्यक्ष के लिए अखिलेश सोनी के नाम सहमति बनी दोनों के नाम सिंगल होने की वजह से ब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष नियुक्ति के लिए प्रदेश कार्यालय भेजा गया जहां से सिर्फ घोषणा होना शेष है।

पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि हम लोग आपके साथ संगठन मजबूत करने के लिए आपके साथ रहेंगे। आपके द्वारा जो नाम दिया गया है, वह प्रदेश अध्यक्ष जी के पास भेज दिया गया चूंकि जरबेरा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए सिंगल नाम पर सहमति बनी है इसलिए ओम प्रकाशशर्मा के अध्यक्ष बनने के नाम कि सिर्फ औपचारिकताएं शेष रह गई है बैठक में पूर्व मंत्री हर्ष यादव, सह प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी, एडवोकेट सुनील आदिवासी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, रजनी ठाकुर जिला पंचायत सदस्य, सेकड़ो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# राज्यमंत्री श्री लोधी आज नोहटा आयेंगे होंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 03 जनवरी। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 04 जनवरी 2025 को प्रातः 11:15 बजे नोहटा से ग्राम सुनकड़ जायेंगे। आप दोपहर 12 बजे सुनकड़ में नवीन पंचायत भवन निर्माण के भूमि पूजन सम्मिलित होंगे। साथ ही शोकाकुल परिवारों में शोक संवेदनाए व्यक्त करेंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी दोपहर 02 बजे सुनवराह आयेंगे एवं नवीन पंचायत भवन निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। साथ ही शोकाकुल परिवारों में शोक संवेदनाए व्यक्त करेंगे।

राज्यमंत्री श्री लोधी अपरान्ह 03.45 बजे सुनवराह से ग्राम सलैया बड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। आप शाम 04 बजे सलैया बड़ी आयेंगे एवं नवीन पंचायत भवन निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। साथ ही शोकाकुल परिवारों में शोक संवेदनाए व्यक्त करेंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी शाम 05.45 बजे सलैया बड़ी से नोहटा आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किये जायेंगे।

# हटा उपजेल पँहुचे कलेक्टर श्री कोचर

## औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का लिया जायजा

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 03 जनवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज हटा उपजेल पहुंचे, कलेक्टर ने यहां जेल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर ने बन्दियों से मुलाकात की, जेल में किचिन शेड, स्टोर स्थिति आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने यंहा कुछ कमियां पाए जाने पर जेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह चौधरी को सुधार हेतु निर्देश दिए।



# सेवा का लक्ष्य लेकर सरकार काम रही हैं, जो व्यक्ति अंतिम छोर में खड़ा है उसको आत्म निर्भर बनाने योजनाएं चला रही है-हटा विधायक उमादेवी खटीक

## -अंतर्राष्ट्रीय किसान मेला आयोजन किया जा रहा, जिले के इच्छुक युवा किसानो को भेजने की व्यवस्था शासन स्तर पर की जा रही-कलेक्टर श्री कोचर

## -हटा में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय मेगा शिविर का हुआ आयोजन, हितग्राहियों को वितरण हुआ हितलाभ

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 03 जनवरी। आज हटा जनपद में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत मेगा शिविर का आयोजन किया गया है, यह अभियान पूरे मध्यप्रदेश में चल रहा है। मुख्यमंत्री जी जनता के कल्याण और हित के लिए हर विकासखंड में शिविर लगा रहे हैं। जो व्यक्ति अंतिम छोर में खड़ा है उसको आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं चला रही हैं, इसका लाभ भी दिया गया है। जनता के हित में सरकार काम करने के लिये प्रतिबद्ध है, जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे, हमारी जनता सुखी, समृद्ध, संपन्न और स्वस्थ रहे ऐसी कामना करती हूं। इस आशय के विचार हटा विधायक उमादेवी खटीक ने हटा जनपद पंचायत परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान खंड स्तरीय मेगा शिविर के दौरान व्यक्त किये।

विधायक श्रीमती खटीक ने कहा आज सौभाग्य का दिन हैं, जो आज यह मेगा शिविर लगाया गया हैं। सरकार लगातार जनता की सेवा के लिये कार्य कर रही है, राष्ट्र की सेवा का लक्ष्य लेकर सरकार काम रही हैं, जनता के बीच में इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने केन-वेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड पानी से लबालब होने वाला हैं, अब पानी की कोई कमी नहीं होगी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती खटीक ने स्वास्थ्य विभाग के पंडाल में पहुंचकर आयुष्मान कार्ड और चश्मे का वितरण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा हर विकासखंड में एक-एक मेगा शिविर लग रहा है। इसी क्रम में पहला मेगा शिविर दमोह विकासखंड में लगाया गया था, यह दूसरा मेगा शिविर हटा में लगा है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और शहरी वार्डो से नागरिक उपस्थित हुए हैं, अलग-अलग हितग्राही मूलक योजनाएं जो मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत है, उससे संबंधित आवेदन लोग लेकर आए हैं, जिनकी समस्याओं का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा यहां पर एसडीएम और तहसीलदार ने एक अच्छा काम किया है कि शिविर में सीएम हेल्पलाइन के आवेदकों को भी बुलाया है, बड़ी संख्या में सीएम हेल्पलाइन के आवेदक भी आए हैं, उसमें राजस्व और दूसरे विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का उद्देश्य था कि लोगों से आवेदन भी प्राप्त किए जाएं और उनको तत्काल लाभ भी दे दिया जाए, इन दोनों उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास मेगा शिविर में किया गया है। यहां पर किसानों से संबंधित बहुत से कृषि उपकरण का प्रदर्शन भी किया जा रहा है, जैविक खेती के ऊपर भी स्टॉल लगे हैं, अलग-अलग योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। विधायक श्रीमती खटीक के द्वारा कई सारे स्व-सहायता समूह को ऋण अनुदान वितरण किया गया है, इससे स्व-सहायता समूह स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन सकते हैं, इसके अलावा जो समूह जैविक और प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं, उनको जिला स्तर पर मार्केट उपलब्ध कराया गया है, अभी तक चार जैविक हाट लगे हैं, उसमें लगभग 2 लाख रुपए की बिक्री इन समूह की हुई है, यह समूह बड़ी संख्या में जैविक हाट में आ रहे हैं। यहां पर देखा है कि कुछ पत्तल दोना बनाने वाले समूह भी आए हैं, कोंदों-कुटकी की फसल को लेकर भी समूह आए हैं, इसके अलावा मिट्टी से बने कुल्हड़ भी आए हैं। यहां पर अलग-अलग मदों के अंतर्गत सहायता दी जाएगी ताकि इन्हें मार्केट उपलब्ध हो सके।

उन्होने कहा 14 जनवरी तक महाराष्ट्र के जलगांव में अंतर्राष्ट्रीय किसान मेला आयोजन किया जा रहा, जिले के इच्छुक युवा किसानो को भेजने की व्यवस्था शासन स्तर पर की जा रही हैं। कलेक्टर ने शिविर में स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका और महिला बाल विकास आदि के स्टॉल का भी अवलोकन किया। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए उत्पाद देखे और इनकी लागत, विक्रय, लाभ की जानकारी ली। कलेक्टर श्री कोचर ने शिविर में वर्तन मांजने का गुंजा खरीदकर दुर्गा पटेल को 10 रूपये का डिजिटल भुगतान भी किया। कृषि कल्याण विभाग के स्टॉल पर मैन्युअल सीड ड्रिल मशीन, पावर वीडर, मशीनों के उपयोग, किसानों को सब्सिडी, कीमत और मशीनों के कार्य की जानकारियां ली, कृषि कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शनी में प्रकाश प्रपंच यंत्र का भी प्रदर्शन कर बताया गया। इस मशीन में मखियां और कीट उड़कर इसमें फंस जाते हैं, जिससे किसान अपनी फसल की सुरक्षा कर पाते हैं। स्टाल पर जैविक कृषि करने वाले युवाओं ने वर्मी कम्पोस्ट, जैविक दवाओं आदि की जानकारी देकर लाभ बताए। कुंवरपुर निवासी किसान ने बताया कि वे 15 एकड़ में जैविक कृषि कर बढ़ावा दे रहे हैं। हटा बीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल ने लोगों को क्षय मुक्त भारत अभियान, क्षय रोग की जानकारी, लक्षण बचाव और सरकार की ओर से दी जाने वाली दवाओं, इलाज तथा गर्भवती महिलाओ के पंजीयन, हाईरिस्क, हीमोग्लोबिन जांच, टीकाकरण आदि सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने आयुष्मान कार्ड पर पांच लाख के मुफ्त इलाज की जानकारी दी गई। प्रभारी सीईओ प्रवीण त्रिपाठी ने शिविर की प्रस्तावना और आयोजन की जानकारी दी।

शिविर के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ हितग्राही आन्या कुशवाहा, निहारिका अहिरवार एवं मुस्कान विश्वकर्मा, राजस्व विभाग की आदेश खसरा प्रति का लाभ हितग्राही प्रियंका असाटी, मुन्नालाल शिवप्रसाद, स्वास्थ्य अंतर्गत चश्मे का लाभ हितग्राही प्रकाश सिंह, मोहन लाल दुबे, देवी सिंह, भगवान सिंह तथा आजीविका मिशन के माध्यम से ऋण का हितलाभ ठाकुर बाबा समूह संचालक केशरानी, खेर माता से श्यामाबाई, कुंदन सिंह 2.50 लाख अनुदान, किसान लल्लू पटेल, कुशाल आदिवासी, वंदना पटेल हितलाभ वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जनकल्याण सम्बल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि सहायता राशि का लाभ हितग्राही रेखारानी कोरी, परषोत्तम पटेल, मुकेश पटेल, शेख रमजान को दिया गया।

कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि हटा विधायक उमादेवी खटीक ने दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की। शिविर में विशेष रूप से सीएम हेल्पलाईन के आवेदकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। इस अवसर पर डॉ विजय सिंह राजपूत, लालचंद खटीक, गोपाल पटेल, सौरभ नेमा, रीतेश अग्रवाल, अनमोल छिरोल्या, अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, परियोजना अधिकारी शिवराय, बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल, सीएमओ राजेन्द्र खरे, सन्दीप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन, मौजूद रहे। मंच का संचालन माधव पटेल एवं आभार तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

# ‘संकल्प 2024 ब्रेक दी बैरियर’ की तैयारियां जोरों पर- आयोजन स्थल का लिया जायजा

## आयोजन कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को अपनी प्रतिभा दिखाने और समाज में समानता का संदेश देने का मंच



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा संकल्प 2024 ङ्क बाधाओं को तोड़ो% कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आयोजन स्थल बीएसए कॉलेज का निरीक्षण किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री विशाल कुमार ने आयोजन स्थल पर रैम्प, विशेष शौचालय, बैठने की व्यवस्था और खेल मैदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी व्यवस्थाएं दिव्यांगजनों के अनुकूल हों और उनकी जरूरतों को पूरा करें।

मानव संकल्प वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता, एडवोकेट गीतांजलि शर्मा, ने आयोजन स्थल पर की जा रही तैयारियों का गहन जायजा लिया। दिनांक 16 से 18 जनवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाले इस मंडल स्तरीय कार्यक्रम के लिए कॉलेज परिसर में कला प्रदर्शन, खेल आयोजन, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने की योजना बनाई जा रही है।

बीएसए कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के लिए तकनीकी सहयोग, मंच निर्माण, और सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। जायजे के दौरान एडवोकेट गीतांजलि शर्मा ने कहा, ‰यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और समाज में समानता का संदेश देने का एक मंच है। हमारी कोशिश है कि हर प्रतिभागी को सर्वश्रेष्ठ अनुभव मिले।

भौतिकी विभाग में कार्यरत डॉ रवीश शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों की एक विशेष टीम तैयार की गई है, जो प्रतिभागियों और दर्शकों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। आयोजन स्थल पर की जा रही तैयारियां मथुरा के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के प्रति समर्पण और उत्साह को दर्शाती हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्यक्रम दिव्यांगजनों और समाज दोनों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव बने।

मानव संकल्प वेलफेयर सोसाइटी ने सभी से इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है। भूपेंद्र जैन, आशीष शर्मा,आईटी हेड ब्रजभूषण डॉ बी के गोस्वामी और डॉ यू के त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# संस्कृति विश्व विद्यालय से होगी एक करोड़ की वसूली

**-विना मान्यता संचालित किया जा रहा था पैरा मेडिकल कोर्स**
**-गलत तथ्य देकर हड़पी छात्रवृत्ति की राशि**



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा संस्कृति विश्व विद्यालय में बिना यूपी स्टेट मेडीकल काउंसिल से मान्यता लिए पैरा मेडिकल कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसकी आड़ में कालेज संचालकों ने सरकार से छात्रों की छात्रवृत्ति हड़पी गई। इसका खुलासा जिलाधिकारी द्वारा कराई गई जांच में हुआ। अब समाज कल्याण निदेशालय द्वारा संस्कृति विश्व विद्यालय के कुलपति व अन्य पदाधिकारियों को कारण नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल ने बताया कि 15 करोड की सारे कोर्स की धनराशि सभी कोर्स की विगत तीन वर्ष से गई है। जबकि पैरामेडिकल कोर्स के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की छात्र वृत्ति की धनराशि वसूलने की कार्यवाही विभाग कर रहा है। इसके अलावा बिना मान्यता कोर्स संचालित करने के संबंध में बार बार नोटिस जारी किए जाने पर कोई भी संशोधन नहीं किया गया है। अब बिना मान्यता के कार्स संचालित करने के लिए भी शासन को कार्रवाई करने के लिए लिखा जाएगा। उन्होने बताया कि कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा स्नातकों को कराई शपथ ग्रहण




परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 60 स्नातक पशु चिकित्सकों को पशु चिकित्सा व्यवसाय के प्रति समर्पण हेतु शपथ दिलाई गई । स्नातक पशु चिकित्सकों के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने स्नातक पशु चिकित्सकों को व्यवसाय के प्रति समर्पण तथा मेहनत से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है और पशु पालन, उसका एक महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए पशु चिकित्सा व्यवसाय एक अहम व्यवसाय है । जिसके द्वारा, पशु चिकित्सक, पशुओं के स्वास्थ्य, रखरखाव, पोषण तथा उनके उन्नयन में योगदान दे सकते हैं। जिससे स्वस्थ पशु अपनी पूर्ण उत्पादकता दे सके । पशुधन हमारे देश के किसानों के आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। जिससे अच्छी उत्पादकता प्राप्त कर, पशुपालक किसान अपनी आर्थिक स्थिति में उन्नयन कर सकता है। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता, प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वारा पशु चिकित्सा व्यवसाय की शपथ दिलाकर गई । अपने अध्यक्ष से उद्बोधन में प्रोफेसर पाठक ने स्नातक पशु चिकित्सकों को शुभकामना देते हुए, मेहनत से अपने क्षेत्र में कार्य करने की सलाह दी । उन्होंने कहा की अब से जीवन पर्यंत आपका नाम पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं पशु चिकित्सा व्यवसाय से जुड़ा रहेगा । जिसकी मर्यादा अब हमेशा सभी स्नातक पशु चिकित्सकों को बनाए रखनी है । विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी, प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन, प्रभारी इंटर्नशिप, डॉ. चेतना गंगवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता परास्नातक, प्रोफेसर अर्चना पाठक, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, प्रोफेसर राम सागर, प्रोफेसर विजय पांडे, प्रोफेसर अतुल प्रकाश, प्रोफेसर अमित सिंह, प्रोफेसर अरविंद कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर संजय पुरोहित सहित सहित विश्वविद्यालय के समस्त विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पांच दिन बीत जाने के बाद भी जांच कार्यवाही शुरु नहीं

**-प्राइवेट कॉलेज की शासकीय भूमि पर मैरिज गार्डन बनाने का है मामल**
**-जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान होने के बाद भी कार्यवाही नहीं**

**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। नगर के प्राईवेट कॉलेज श्री गणेश प्रसाद वर्णी महाविद्यालय की खाली पड़ी बेशकीमती शासकीय भूमि पर अवैधानिक तरीके से आलीशान मैरिज गार्डन बनाए जाने का मामला स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में देने के साथ साथ समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए करीब पांच दिन बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक जांच के नाम पर कार्यवाही करना तो दूर मौके का निरीक्षण तक करना उचित नहीं समझा है जिससे यह प्रतीत होता है कि जिम्मेदारों के संज्ञान होने के बाद भी जांच में ढील आखिर क्यों की जा रही है इस बात का जवाब नगर की जनता जानने का इंतजार कर रही है। कि आखिरकार स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार नगर परिषद सीएमओ अवैधानिक तरीके से बनाए जा रहे मैरिज गार्डन पर कार्यकारी करने से क्यों कतरा रहे हैं जबकि प्राइवेट कॉलेज की समिति को शासन से शिक्षा हेतु लीज पर यह भूमि आवंटित है जिसको केवल शिक्षा के लिए ही उपयोग किया जा सकता है। न कि अन्य व्यापार के लिए।



***कॉलेज समिति ने नियम विरुद्ध तरीके से अपने फायदे के लिए 2.5 लाख में दे दी शासकीय भूमि लीज पर***

आपको बता दें कि जानकारी के अनुसार नगर घुवारा से निकले टीकमगढ़ सागर हाइवे किनारे कृषि मंडी के सामने शासकीय पडी जमीन को वर्ष 1980 में तत्कालीन बड़ामलहरा विधानसभा से निर्वाचित हुए विधायक कपूरचंद्र घुवारा द्वारा खसरा नम्बर 2913 जिसका रकवा 1हैक्टर 214 आरे था जिसमें कालेज सहित होस्टल के लिए शासन पर लीज पर मांग की थी और शासन ने शिक्षा को ध्यान में रखते हुए समीति को 99 वर्ष हेतु लीज पर शासकीय जमीन दे दी लेकिन समीति द्वारा शिक्षा को दरकिनार करते हुए श्री गणेश प्रसाद वर्णी महाविद्यालय के भवन के अलावा बाजू में खाली पड़ी बेशकीमती शासकीय ज़मीन को कॉलेज की समिति ने नियम विरुद्ध तरीके से बाहर की पार्टी को ढाई लाख रुपए सालाना कीमत पर मैरिज गार्डन बनाने के लिए लीज पर दे दी है जो नियम विरुद्ध है इस बात की चर्चा नगर वासियों के बीच लगातार बनी हुई है। साथ ही स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में भी है लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार कोई कार्यवाही न करना नगर में एक चर्चा का विषय बना हुआ कि आखिरकार किसके दबाव में आकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं।

***इनका कहना है***

जब इस संबंध में तहसीलदार कपिल शर्मा से बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि? संबंधित को बुलाया गया है।

जब इस संबंध में कलैक्टर पार्थव जशवाल से बात की तो उनके द्वारा कहा कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में डाला गया मैं दिखवाता हूं।

# पत्रकार स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश तिवारी की 12वीं पुण्यतिथि पर अर्पित किये गए श्रद्धा-सुमन



परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर ।03 जनवरी 20221 एनडीटीवी चैनल के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश तिवारी की शुक्रवार 3 जनवरी को 12वीं पुण्यतिथि स्थानीय गांधी आश्रम में मनाई गई। इस अवसर पर पत्रकारों ने अपने विचार रखे और कहा कि स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश तिवारी की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी ,कि युवा पत्रकार उनके पद चिन्हों पर चलकर कुछ सीखें। पत्रकार स्वर्गीय श्री तिवारी जी जीवन से जुझारू पत्रकारिता किस तरीके से की जाती है यह पता चलता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में छतरपुर जिले के पत्रकारिता में नया आयाम हासिल किया है। इस अवसर पर पत्रकार जीवन के संघर्ष और सभी पत्रकारों से तालमेल बनाकर छतरपुर जिले के पत्रकारों को आगे बढना चाहिए। इस की कला भी ओमप्रकाश तिवारी में रही है। छतरपुर के पत्रकार जगत में स्वर्गीय श्री तिवारी का हमेशा अलग स्थान रहा है। इस अवसर पर छतरपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्याम अग्रवाल ने बताया कि ओमप्रकाश तिवारी हमेशा जुझारू पत्रकारों में से और छतरपुर जिले का ही नहीं पूरे बल्कि मध्यप्रदेश जिले में उनका नाम अलग माना जाता था। उन्होंने समाज के हित में काम करने के लिए बात को उठाया और कहा कि कोई भी पत्रकार हो अगर समाज के हित में काम करता है तो हम सभी पत्रकार उसके साथ रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हरि अग्रवाल ने कहा है कि आज छतरपुर जिले को ओमप्रकाश तिवारी जी जैसे पत्रकार की आवश्यकता है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र व्यास ने ओम प्रकाश तिवारी के जीवन और उनकी पत्रकारिता के संबंध में प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि तिवारी जी बहुत जुझारू और लेखनी के धनी थे उन्होंने कभी किसी खबर के साथ समझौता नहीं किया है और उन्होंने एक गांव से निकलकर मध्य प्रदेश स्तर पर, अपनी अलग पहचान बनाई। इसके लिए आज के युवा पीढ़ी को देखना चाहिए और उनसे सीख लेना चाहिए। वहीं पत्रकार रविंद्र अजरिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आज के समय के पत्रकारों को और छतरपुर जिले के पूर्व पत्रकारों के बारे में कहा कि जो आज के पत्रकार हैं एकता रखकर आगे बढ़ सकते हैं और कोई भी सामाजिक मुद्दे हो उस पर एकत्रित होकर उस पर अपने अपने विचार अलग-अलग हो सकते हैं मगर समाज के हित में काम करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारिता एक सामाजिक सरोकार से जुड़ा हुआ विषय है। इसके बारे में ओमप्रकाश तिवारी जी से समझना चाहिए ,कि किस प्रकार से आगे सीखना और सिखाना और समाज के हित में किस प्रकार से बात करना चाहिए। संपादक सुरेंद्र अग्रवाल ने भी कहा कि ओमप्रकाश तिवारी जुझारू पत्रकार थे। उनके कार्यों से आने वाली पीढ़ी को सीखना चाहिए। पत्रकार प्रतीक खरे ने श्रद्धाजलि देते हुए कहा कि स्व. ओमप्रकाश तिवारी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए हुए थे। वह जुझारू पत्रकारों की श्रेणी में आते थे। जनहित दर्शन के संपादक मनेंदु पहारिया ने कहा कि स्व. ओमप्रकाश तिवारी से हमारे पारिवारिक संबंध थे और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका काफी योगदान था। पत्रकार जीतेंद्र रिछारिया ने कहा कि स्व. ओमप्रकाश तिवारी मेरे भाई जैसे थे और मैंने उनके साथ ही पत्रकारिता शुरू की थी। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार संतोष गंगेले ने किया। इस मौके पर केशव शर्मा, दिलीप सोनी, भरत शर्मा, उन्नत पचौरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, लोकेश चौरसिया, संजय अवस्थी, हरिओम अग्रवाल, जयनारायण द्विवेदी सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

***<u>एक सप्ताह में पत्रकार चौक बनाने दिया अल्टीमेटम</u>***

स्व. ओमप्रकाश तिवारी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद सभी पत्रकार नगरपालिका पहुंचे और वहां सीएमओ माधुरी शर्मा से मुलाकात कर पत्रकार चौक के संबंध में बात की। वरिष्ठ पत्रकारों ने सीएमओ को एक सप्ताह में पत्रकार चौक का काम शुरू करने का अल्टीमेटम दिया जिस पर नगरपालिका सीएमओ ने कहा कि एक सप्ताह में काम शुरू कर दिया जायेगा। पत्रकारों ने यह भी कहा कि यदि सात दिन में काम शुरू नहीं हुआ तो वह अगला कदम उठायेंगे।

# अपराधों को रोकने लगातार सख्ती दिखा रहा है पुलिस महकमा

## अपराधियों की थानों में कराई गई परेड़

छतरपुर। अपराध पर नियंत्रण की मंशा से पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में जिले का पुलिस महकमा लगातार सख्ती दिखा रहा है। बीते रोज जहां पुलिस अधीक्षक ने तीन दर्जन से अधिक अपराधियों पर जिला बदर की कार्वाई प्रस्तावित की, तो वहीं कई थानों में अपराधियों की परेड भी कराई गई।



जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी विशेष अभियान के तहत ऐसे अपराधियों को थाना बुलाकर समझाइश दे रही है, जिनके विरुद्ध दो या उससे अधिक अपराध दर्ज हैं। इसके अलावा उन अपराधियों की भी निगरानी की जा रही है जो सजा के दौरान जमानत पर बाहर चल रहे हैं। बीती शाम जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना और ओरछा रोड थाना में 14 चिन्हित आरोपियों की परेड करवाई गई। वहीं लवकुशनगर अनुभाग अंतर्गत 8, नौगांव अनुभाग अंतर्गत 3, खजुराहो अनुभाग अंतर्गत 4, बिजावर अनुभाग अंतर्गत 4 एवं बड़ामलहरा अनुभाग अंतर्गत 2 आरोपियों को थाना बुलाकर परेड करवाई गई। आरोपियों को यह भी चेतावनी दी गई कि यदि पुन: अपराध में लिप्त पाए जाते हैं तो कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन अपराधियों पर 5 से अधिक अपराध दर्ज हैं उनके नाम गुंडा सूची में शामिल कर जिलाबदर की कार्वाई प्रस्तावित की जा रही है ओर इस कार्य की मॉनीटरिंग एएसपी विक्रम सिंह कर रहे हैं।


# मुख्यमंत्री से मिलीं विधायक ललिता यादव



छतरपुर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने आज भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। उन्होंने समस्त छतरपुर वासियों की ओर से मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# एथलीट मृत्युंजय देव बुंदेला का पांचवी बार मिक्स मार्शल आर्ट की वर्ल्ड चैंपियनशिप हेतु चयन

छतरपुर। वैसे तो हरियाणा और पंजाब प्रांत को एथलीटों का गढ़ माना जाता है लेकिन यदि मौका मिले जो बुंदेलखंड अंचल के युवा भी इस फील्ड में कमाल कर सकते हैं। ऐसे ही एक



एथलीट हैं छतरपुर जिले के एक छोटे से गांव के रहने वाले मृत्युंजय देव बुंदेला, जिनका लगातार पांचवीं बार मिक्स मार्शल आर्ट की वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है।

जिले के पहाड़गांव निवासी मृत्युंजय देव बुंदेला मिक्स मार्शल आर्ट में पारंगत हैं। हाल ही में मृत्युंजय ने गोवा में आयोजित मिक्स मार्शल आर्ट की नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मैडिल जीता है और अब वे ग्रीस देश में आयोजित होने जा रही मिक्स मार्शल आर्ट की वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेंगे। मृत्युंजय ने बताया कि 10 साल तक कड़ी मेहनत करने के बाद वे मिक्स मार्शल आर्ट में पारंगत हुए और इसके बाद 2021 में सर्बिया, 2022 में स्पेन, 2023 में उजबेगिस्तान तथा आबूधाबी और 2024 में पोलैंड में हुई मिक्स मार्शल आर्ट की वर्ल्ड चैंपियनशिप का हिस्सा बनकर गोल्ड और सिल्वर मैडिल जीते। इस वर्ष मिक्स मार्शल आर्ट की वर्ल्ड चैंपियनशिप ग्रीस में होना है, जिसके लिए लगातार पांचवीं बार उनका चयन हुआ है। आपको बता दें कि मृत्युंजय छतरपुर शहर के सागर रोड पर एक छोटी सी जिम चलाते हैं, जबकि उनके पिता रामपाल सिंह बुंदेला अपने गांव में खेती करते हैं। मृत्युंजय बताते हैं कि जिम में ट्रेनिंग देकर कमाए गए पैसों से ही वे मिक्स मार्शल आर्ट की तैयारी करते हैं।

# कागजों में ही अटका हुआ है दो साल पहले स्वीकृत हुआ सीवर प्रोजेक्ट

छतरपुर। शहर के प्रमुख तालाबों को स्वच्छ रखने के लिए करीब दो वर्ष पहले स्वीकृत हुआ सीवर प्रोजेक्ट अभी तक कागजों में ही अटका हुआ है। अमृत योजना 2.0 के तहत स्वीकृत हुए इस प्रोजेक्ट का कार्य तीन फेज में किया जाना था। फेज-1 में शहर में 5 पानी की टंकियों का निर्माण होना था, फेज- 2 में 4 तालाबों का सौंदर्यीकरण और फेज-3 में सीवर लाइन का कार्य होना था, लेकिन नगर पालिका अभी तक प्रोजेक्ट को पूरा नहीं कर सकी है। नगर पालिका द्वारा अभी सीवर लाइन प्रोजेक्ट का डीपीआर बनाकर भोपाल भेजा गया है, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद आगे का कार्य होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि सीवर लाइन प्रोजेक्ट को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक हो चुकी है और हमने 165 करोड़ की लागत का डीपीआर तैयार कर भोपाल भेज दिया है। जैसे ही डीपीआर को स्वीकृति मिलेगी, तुरंत निविदा जारी कर, काम शुरु किया जाएगा। इसके अलावा अमृत योजना के तहत ही शहर के दो तालाब ग्वाल मंगरा और संकट मोचन में जा रही गंदगी को रोकने के लिए भी प्रयास किए जाने हैं, जिसके लिए स्वीकृत मिल चुकी है और नगर पालिका द्वारा निविदा जारी की जा चुकी है। सीएमओ ने बताया कि देरी से स्वीकृति मिलने के कारण कार्यों को पूरा करने में देरी हुई है। उल्लेखनीय है कि बारिश के दौरान कॉलोनियों में पानी भर जाता है और समय पर सफाई न होने से अधिकांश नालियां चोक रहती हैं, जिससे शहरी क्षेत्र में जलभराव की समस्या हो जाती है। शहर के अंदर सीवर लाइन डल जाने के बाद जलभराव की समस्या खत्म हो जाएगी, साथ ही कॉलोनियों में पड़े खाली प्लॉट पर पानी रुकना भी बंद हो जाएगा। इसके अलावा शहर के तालाबों में जा रहे गंदे पानी पर भी रोक लग जाएगी, जिससे तालाबों का पानी साफ और स्वच्छ हो जाएगा।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321